**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## लेखन स्टूडियो कार्यशाला का समापन एवं नाहेप भवन में नवनिर्मित लिफ्ट का उद्घाटन

विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर (आईडीपी नाहेप) में लेखन स्टूडियो कार्यशाला का आज समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय निदेशक, नाहेप एवं उपमहानिदेशक, कृषि शिक्षा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली डा. आर.सी. अग्रवाल के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर तथा परियोजनाधिकारी, नाहेप एवं अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप मंचासीन थे।

मुख्य अतिथि डा. अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने कार्यों को रूचि के साथ करने एवं उसमें जितना सुधार हो सके करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को हर एक चुनौतियों को सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। वैज्ञानिकों की सोच के कारण ही देश कृषि के क्षेत्र में अग्रसर हो पाया है। उन्होंने कहा कि आईडीपी नाहेप की टीम एवं वैज्ञानिकों के सहयोग से ही यह सम्भव हो पाया है कि विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं संकाय सदस्य देश–विदेश में भ्रमण कर शिक्षण, शोध एवं प्रसार का आदान–प्रदान करने में सक्षम हो पा रहे है।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने डा. आर.सी. अग्रवाल द्वारा परियोजना में सहयोग करने हेतु प्रशंसा व्यक्त की जिससे परियोजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा विदेशों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विदेशों से प्राप्त प्रशिक्षण विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय की गतिविधियों को आगे ले जाने में कारगर साबित होगा।

नाहेप भवन में लगी नव निर्मित लिफ्ट का उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर इस कार्यशाला में देश–विदेशों में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य द्वारा भ्रमण करने के उपरांत अपने–अपने अनुभवों को साझा किया गया। कार्यशाला में पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यशाला में कुलपति द्वारा मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, डा. ए.के. उपाध्याय एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




*कार्यक्रम में संबोधित करते उपमहानिदेशक, कृषि शिक्षा, डा. आर.सी. अग्रवाल।*




*नाहेप भवन में नवनिर्मित लिफ्ट का उद्घाटन करते उपमहानिदेशक, कृषि शिक्षा, डा. आर.सी. अग्रवाल।*

**निदेशक संचार**